# मायोट में चक्रवात चिडो


**स्रोत: डाउन टू अर्थ**

हाल ही में **चक्रवात** चिडो से मोजाम्बिक चैनल (हिंद महासागर) में स्थित **फ्राँसीसी हिंद महासागर क्षेत्र** (मायोट) प्रभावित हुआ।

## मायोट:

- इसमें कोमोरोस द्वीपसमूह के **दो द्वीप शामिल हैं, जिनमें मुख्य द्वीप** मायोट (या ग्रांड टेरे) और छोटा द्वीप **पामांडज़ी** (पेटाइट टेरे) **है।**
- यह फ्राँस और यूरोपीय संघ दोनों का **सबसे निर्धन** क्षेत्र है।
- **फ्राँस ने वर्ष 1843** में मायोट को उपनिवेश बनाया तथा **वर्ष 1904** में कोमोरोस सहित पूरे द्वीपसमूह **पर कब्ज़ा** कर लिया।
  - **वर्ष 1974 के जनमत संग्रह** में 95% लोगों ने अलग होने का समर्थन किया, लेकिन मायोट के 63% लोगों ने फ्राँसीसी बने रहने के पक्ष में मतदान किया।
  - **ग्रांड कोमोर, अंजुआन और मोहेली द्वारा वर्ष 1975** में स्वतंत्रता की घोषणा की गई। मायोट पर अभी भी पेरिस से शासन किया जाता है।

## Cyclone Chido hit Mayotte before reaching Africa




Source: Joint Typhoon Warning Center

BBC

# चक्रवात



## परिचय


चक्रवात एक कम दबाव वाला क्षेत्र होता है जिसके आस-पास तेजी से इसके केंद्र की ओर वायु परिसंचरण होते हैं।

## चक्रवात बनाम प्रतिचक्रवात

| दबाव प्रणाली | केंद्र में दबाव की स्थिति | हवा की दिशा का पैटर्न | |
|---|---|---|---|
| | | उत्तरी गोलार्द्ध | दक्षिणी गोलार्द्ध |
| चक्रवात | निम्न | वामावर्त | दक्षिणावर्त |
| प्रतिचक्रवात | उच्च | दक्षिणावर्त | वामावर्त |

## वर्गीकरण

उष्णकटिबंधीय चक्रवात; मकर और कर्क रेखा के बीच उत्पन्न होते हैं।




अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय/समशीतोष्ण चक्रवात; ध्रुवीय क्षेत्रों में उत्पन्न होते हैं।

- **गठन के लिए शर्तें:**
  - 27 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाली एक बड़ी समुद्री सतह।
  - कोरिओलिस बल की उपस्थिति।
  - ऊर्ध्वाधर/लंबवत हवा की गति में छोटे बदलाव।
  - पहले से मौजूद कमजोर निम्न-दबाव क्षेत्र या निम्न-स्तर-चक्रवात परिसंचरण।
  - समुद्र तल प्रणाली के ऊपर विचलन (Divergence)।
- **नामकरण:**
  - **नोडल प्राधिकरण: विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)**
  - **हिंद महासागर क्षेत्र:** बांग्लादेश, भारत, मालदीव, म्याँमार, ओमान, पाकिस्तान, श्रीलंका और थाईलैंड इस क्षेत्र में आने वाले चक्रवातों के नामकरण में योगदान करते हैं।
- **उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के लिये अलग-अलग नाम:**
  - **टाइफून:** दक्षिण पूर्व एशिया और चीन
  - **हरिकेन:** उत्तरी अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत
  - **टॉरनेडो:** पश्चिम अफ्रीका और दक्षिणी संयुक्त राज्य अमेरिका
  - **विली-विलीज:** उत्तर पश्चिम ऑस्ट्रेलिया
  - **उष्णकटिबंधीय चक्रवात:** दक्षिण पश्चिम प्रशांत और हिंद महासागर
- **भारत में चक्रवात:**
  - **द्वि-वार्षिक चक्रवात मौसम:** मार्च से मई और अक्टूबर से दिसंबर।
  - **हाल के चक्रवात:** ताउते, वायु, निसर्ग और मेकानु (अरब सागर में) तथा असानी, अम्फान, फोनी, निवार, बुलबुल, तितली, यास और सितरंग (बंगाल की खाड़ी में)।

**और पढ़ें:** चक्रवात, चागोस द्वीपसमूह और डिएगो गारसिया द्वीप

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cyclone-chido-in-mayotte